दिन– बुधवार दिनांक– 11 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश में गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्व को भारत की नीतियों से प्रभावी ढंग से अवगत कराया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में देश के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दिया निर्देश। कहा– राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ तालमेल कर बाढ़ प्रबंधन के उपाय करें।

04. और, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों की अंतरिक्ष यात्रा का एक्जिओम–फोर मिशन एक बार फिर स्थगित।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया, उस पर उन्हें गर्व है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के तैंतीस देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की। जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में अपने अनुभव साझा किए। विदेश भेजे गए चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के दो, जनता दल (यूनाइटेड) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व कांग्रेस, डीएमके और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के सांसदों ने किया।

———————————————————

राजधानी पटना को आज देश के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार सौ बाईस करोड़ रूपये की लागत से बने इस एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। इस फ्लाईओवर से अशोक राजपथ पर यातायात सुगम होगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

पटना स्थित देश के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर गांधी मैदान से पीएमसीएच होते हुये अशोक राजपथ, साइंस कॉलेज और एनआईटी को जोड़ेगा। इस अनोखे फ्लाईओवर से लोगों को जाम से राहत मिलेगी। फ्लाईओवर के ऊपरी डेक की लम्बाई दो हजार एक सौ पचहत्तर मीटर जबकि नीचले डेक की लम्बाई एक हजार चार सौ उनचास मीटर है। इस पर उच्च तकनीक के ध्वनि प्रतिरोधक लगाये गये हैं। यह पुल कृष्णा घाट के पास जेपी गंगा पथ से भी जुड़ेगा। आने वाले दिनों में पीएमसीएच के मल्टीलेवल कार पार्किंग से भी इसे जोड़ा जायेगा।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अशोक राजपथ पर स्थित राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नये भवन का भी उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ तालमेल के निर्देश दिये हैं। देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों के लिए नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री शाह ने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर प्रारंभिक चेतावनी जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। श्री शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को राज्यों के साथ पूरे तालमेल और कुशलता से बाढ़ प्रबंधन की दिशा में काम करने को कहा। समीक्षा बैठक में श्री शाह ने देश में बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए किए जा रहे दीर्घकालिक उपायों और सभी एजेंसियों की ओर से अपनाई गई नई प्रौद्योगिकी के विस्तार पर चर्चा की।

———————————————————————————

राज्य में जन्म और मृत्यु का प्रमाण पत्र अब डिजिटल रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। नई नियमावली के आधार पर लोगों को डिजिटल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे डीजी लॉकर में रखा जा सकेगा। मंत्रिमंडल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि नई नियमावली में किसी व्यक्ति का नाम जिस क्रम में होगा, उसका पहला नाम और अंतिम नाम फॉर्मेट में उपलब्ध होगा।

———————————————————————————

राज्य के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालय में एक—एक मेगा स्किल सेंटर की स्थापना की जाएगी। श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि श्रम संसाधन विभाग के इस प्रस्ताव को मंत्री परिषद से स्वीकृति मिल गयी है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के पहले चरण में कुल नौ मेगा स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

———————————————————————————

राज्य में सुगंधित धान सोनाचूर की खेती के लिए रोहतास, कैमूर और बक्सर तीन जिलों का चयन किया गया है। सुगंधित धान की खेती इन जिलों की लगभग पन्द्रह सौ एकड़ भूमि पर की जायेगी। इधर, राज्य कृषि विभाग के अनुसार अगले वर्ष से किसानों को धान की दो उन्नत किस्मों के बीज दिये जायेंगे। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर संतोष कुमार ने बताया कि यह धान कम पानी में तैयार होता है, तथा इसमें रोगों से लड़ने और सूखा सहने की क्षमता ज्यादा है।

———————————————————————————

भारत में पिछले एक दशक में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों का पालन करते हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में देश में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के कार्यों पर विशेष फीचर प्रस्तुत कर रहा है। इस क्रम में आज हम आपको बताएंगे कि किस प्रकार सुधारों और अन्य उपायों से प्रत्येक नागरिक का जीवन सुगम, सुरक्षित और सम्मानित बना है। एक रिपोर्ट—

———कट———

———————————————————————————

केन्द्र सरकार के ग्यारह साल पूरे होने के अवसर पर नरेन्द्र मोदी ऐप या नमो ऐप पर शुरू किए गए जन मन सर्वेक्षण के पहले दिन देश भर से पांच लाख से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं मिली हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल देशवासियों से पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के सर्वेक्षण में शामिल होने का आग्रह किया था। यह सर्वेक्षण लोगों को सरकार के साथ अपनी प्रतिक्रिया और राय सीधे साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। यह सर्वेक्षण सुनिश्चित करता है कि लोगों की आवाज़ सुनी जाए और भविष्य की नीतियों को बनाने में विचार किया जाए। पहले दिन ही पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाओं के साथ ये सर्वेक्षण सीधे और सार्थक तरीके से लोगों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।

———————————————————————————

सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने नरेन्द्र मोदी सरकार के साहसिक निर्णय लेने और नागरिकों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। इनमें ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स और अन्य वैश्विक रैंकिंग में भारत की महत्वपूर्ण छलांग शामिल है।

———बाईट———

ये ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की बात कर रहा हूं जिसमें आज भारत विश्व स्तर पर 160 से 62 वें पायदान पर आकर खड़ा हुआ है। उसके पीछे प्रधानमंत्री जी का विजन और मैं अगर एम सी ए की बात करूं आज एक कंपनी ने नई कंपनी को इनकॉर्पोरेट करना है तो वो तीन या चार दिन में इनकॉर्पोरेट हो जाती है। क्योंकि एवरी डॉक्यूमेंट हेज टू बी सबमिटैड ऑनलाइन। पहले जहां, चार–चार महीने लगा करते थे, 6–6 महीने लगा करते थे कम्पनी को स्टैब्लिश होने में, इनकॉर्पोरेट होने में, आज बस तीन या चार दिन में अगर आपके डॉक्यमेंट सही से सबमिट हुए हैं, तो चार दिन में इन्कॉर्पोरेशन का सर्टिफिकेट मिलता है।

———————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों की अंतरिक्ष यात्रा का एक्जिओम–4 मिशन एक बार फिर स्थगित हो गया है। अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एक्जिओम स्पेस और स्पेस एक्स की ओर से आज इस मिशन को अंतरिक्ष में भेजा जाना था, लेकिन फाल्कन–9 रॉकेट के परीक्षण के दौरान पाए गए तरल ऑक्सीजन के रिसाव को ठीक करने के लिए स्पेस एक्स की टीम को अतिरिक्त समय दिए जाने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। नासा ने कहा है कि रॉकेट की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद इस मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

———————————————————————————

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इक्कीस जून को होने वाले योग संगम की मेजबानी के लिए देश भर से पचास हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। यह सामूहिक भागीदारी के लिए एक नया मानक है। इस वर्ष का विषय है– एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, जो एकता और स्वास्थ्य के लिए एक सार्वभौमिक आह्वान करता है। मंत्रालय ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, योग संगम दो हजार पच्चीस की मेजबानी एक लाख से अधिक स्थानों पर होने की उम्मीद है। आयुष मंत्रालय नागरिकों, संस्थानों और समुदायों को इस वैश्विक उत्सव में एक साथ आने के लिए आमंत्रित करता है।

———————————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर बिहार के कुछ जिलों में बारिश की सम्भावना है। वहीं, दक्षिण बिहार के जिलों में गर्म और आर्द्र दिन के आसार है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एमआईटी के यांत्रिकी विभाग के छात्रों ने तैरने वाला रोबोट विकसित किया है। यह नदियों को साफ करने में सहायक होगा। यांत्रिकी विभाग के सह प्राध्यापक डॉक्टर आशीष कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तैयार यह रोबोट विशेष रूप से नदियों में तैरने वाले कचरे को पहचानने और उन्हें अलग–अलग करके साफ करने में सक्षम है।

———————————————————————

कटिहार जिले में तीन दिवसीय सोलहवीं बिहार राज्यस्तरीय जूनियर और सब जूनियर बालक और बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

निगरानी की टीम ने छपरा नगर निगम के लिपिक सूर्य मोहन यादव को साठ हजार रूपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

कैमूर जिले में उत्क्रमित मध्य विद्यालय झाली में चिकेन पार्टी करने के आरोप में शिक्षा विभाग ने ग्यारह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय पर लिखा है– महिला कर्मियों को दफ्तर के पास ही मिलेगा आवास। चार लाख महिला राज्यकर्मियों को होगा लाभ।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– भीषण गर्मी में आठ हजार तीन सौ तीन मेगावाट का प्रदेश में बिजली की खपत का बना रिकॉर्ड।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– विधानसभा चुनाव घोषणा की तारीख पास, राजनीतिक दलों ने शुरू की सीटों की प्रेशर पॉलिटिक्स।

प्रभात खबर की सुर्खी है– इस साल एक अरब छियालीस करोड़ हो जायेगी भारत की आबादी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश में गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्व को भारत की नीतियों से प्रभावी ढंग से अवगत कराया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में देश के पहले टू लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दिया निर्देश। कहा– राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ तालमेल कर बाढ़ प्रबंधन के उपाय करें।

04. और, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों की अंतरिक्ष यात्रा का एक्जिओम–फोर मिशन एक बार फिर स्थगित।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।